# कहाँ जाके छुपा चितचोर राधा तेरी माला जपे लिरिक्स

कहाँ जाके छुपा चितचोर,
राधा तेरी माला जपे,
कहाँ ढूंढू गया किस ओर,
राधा तेरी माला जपे।bd।

---

धानी चुनरिया में यमुना किनारे,
कबसे खड़ी मैं तेरा रस्ता निहारे,
तेरे संग बांधे जीवन की डोर,
राधा तेरी माला जपे,
कहां जाके छुपा चितचोर,
राधा तेरी माला जपे।bd।

---

बेचैन है मन कुछ बोलने को,
बंसी की तानों पे तन डोलने को,
जैसे मधुबन में नाचे मोर,
राधा तेरी माला जपे,
कहां जाके छुपा चितचोर,
राधा तेरी माला जपे।bd।

---

मटकी ना फोड़ी रस्ता न रोका,
राधा ने खाया है आज धोखा,
तेरा मन है बड़ा ही कठोर,
राधा तेरी माला जपे,
कहां जाके छुपा चितचोर,
राधा तेरी माला जपे।bd।

---

राधा के सुन्दर सपने सुहाने,
जग सारा जाने तू ही ना जाने,
मचा गोकुल की गलियों में शोर,
**Bhajan Diary Lyrics,**
राधा तेरी माला जपे,
कहां जाके छुपा चितचोर,
राधा तेरी माला जपे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

कहाँ जाके छुपा चितचोर,
राधा तेरी माला जपे,
कहाँ ढूँढू गया किस ओर,
राधा तेरी माला जपे।bd।

**Singer – Dhiraj Kant Ji**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com